RNI No.: RAJHIN/ 2014 / 65130

# राजस्थान नेत्र ज्योति

वर्ष : 11 अंक : 1 जनवरी – मार्च 2025




EYE BANK SOCIETY OF RAJASTHAN

## आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान

# सम्पादकीय



वर्ष 2025 का नेत्र ज्योति का प्रथम अंक आपके हाथ में सौंपते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है। इस पत्रिका के माध्यम से हमारा उद्देश्य समाज को नेत्रदान के लिए जागरूक करना, प्रेरित और सक्रिय करना है। इसमें प्रकाशित प्रत्येक लेख, समस्त जानकारियां, हर एक आयोजन का विवरण एवं समाचार भविष्य की ओर बढ़ते हुए कदम है जिनके द्वारा कोई भी व्यक्ति कॉर्निया प्रत्यारोपण के अभाव में दृष्टिहीन ना रहे।

जनवरी माह के प्रारंभ में ही एसबीआई द्वारा प्रदान किए गए 33 लाख के सी एस आर अनुदान के माध्यम से खरीदे गए स्लिट लैंप एवं माइक्रोस्कोप द्वारा कॉर्निया की गुणवत्ता की सटीक जांच एवं प्रभावी मूल्यांकन किया जा सकेगा जिससे अधिक से अधिक लोगों को उनकी दृष्टि वापस लाने में मदद मिलेगी । एस बीआई बैंक के इस सहयोग के लिए हम आभारी है।

30 जनवरी 2025 को चूरू में नया नेत्र संग्रहण केंद्र प्रारंभ किया गया। हमें खुशी है कि प्रारंभ में ही इस केंद्र ने नेत्रदान की मुहिम सुचारू रूप से शुरूकर कॉर्निया एकत्रित करना शुरू कर दिया है। अन्य जिलों के नेत्र संग्रहण केंद्रों द्वारा भी नेत्रदान के लिए जागरूकता एवं संकल्प पत्र भरने के लिए निरन्तर कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। 9 मार्च 2025 को जयपुर में नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह प्रतिवर्ष की भांति आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 70 नेत्रदानी परिवारजनों को राज्यपाल महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। नेत्रदान करने वालों के द्वारा दृष्टिहीन लोगों के जीवन में उजाला भरने के इस प्रेरणादाई एवं साहसिक निर्णय समाज के अन्य लोगों के लिए उदाहरण बन सके, यही इस आयोजन का उद्देश्य रहता है।

आपकी जानकारी में होगा कि राजस्थान सरकार ने देश में पहली बार अंधत्व नियंत्रण के लिए एक नीति लागू की है इस नीति के तहत सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज में केरेटोप्लास्टी केंद्र और नेत्रदान बैंक स्थापित किए जाएंगे साथ ही निजी संस्थाओं के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर नेत्रदान अभियान चलाए जाएंगे। राजस्थान आई बैंक सोसाइटी को राज्य सरकार की ओर से महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है एवं इसके द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों को भी महत्वपूर्ण माना है। सामाजिक सहभागिता के इन प्रयासों से  कॉर्निया संग्रहण की संख्या निरंतर बढ़ रही है, किंतु खेद है कि राज्य सरकार के मेडिकल कॉलेजों में केरेटोप्लास्टी सर्जन की कमी के कारण कॉर्निया राज्य से बाहर भेजने पर मजबूर होना पड़ता है। हमारा प्रयास हमेशा से यही रहा है कि अधिक से अधिक कॉर्निया हम राज्य में ही नेत्रहीन लोगों के जीवन में उजाला देने के उपयोग में ले। इसके लिए राज्य सरकार का ध्यान समय–समय पर आकर्षित करते रहे हैं ।

हाल के वर्षों में नेत्र प्रत्यारोपण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धियां हुई है। जैविक इंजीनियरिंग, कृत्रिम कॉर्निया (बायोसिंथेटिक कॉर्निया) और स्टेम सेल थेरेपी जैसे अनुसंधान दृष्टिहीनता को खत्म करने के प्रयास में जुटे हुए हैं। भारत में भी ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस, नई दिल्ली, एल वी प्रसाद आई इंस्टीट्यूट, हैदराबाद, शंकर नेत्रालय, चेन्नई जैसे संस्थान इस क्षेत्र में शोध कर रहे हैं। रोबोटिक सर्जरी और 3D प्रिंटेड कॉर्नियल इंप्लांट्स के प्रयोग से नेत्र प्रत्यारोपण को और अधिक प्रभावी और किफायती बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

आंखें केवल देखने का माध्यम नहीं है वह आत्मा का दर्पण, भावनाओं की अभिव्यक्ति और दुनिया से जुड़ने का जरिया है, फिर भी लाखों लोगों के लिए अंधकार ही जीवन की सच्चाई बनी हुई है। नेत्र ज्योति केवल एक पत्रिका नहीं, बल्कि आशा की किरण, एक प्रेरक संदेश और अंधत्व को समाप्त करने के संकल्प की दिशा में एक आंदोलन है। आप सभी सुधि पाठक इस मुहिम में सहयोगी बने इसी विश्वास के साथ यह अंक आपको प्रस्तुत है।

**नेत्रदान अंधेरे से उजाले की ओर एक छोटा सा कदम है।**

**उषा बापना**
संपादक

# President Message



Dear Members, Colleagues, and Stakeholder's,

As we come together to celebrate another successful year of service and compassion, I am filled with pride and gratitude for all the remarkable work we have achieved at the Eye Bank Society of Rajasthan. It is with great pleasure that I share some of the highlights of our work and reflect on the tremendous impact we are making in the lives of countless individuals across the state.

Over the past year, we have collected **2,548 corneas,** with **1,666 corneas** successfully transplanted, giving new sight and hope to those who had been living in darkness. Each of these corneas represents not just a physical transplant, but a life changed, a future brightened, and a person empowered to live a fuller life. This success is only possible because of the collective efforts of our dedicated team, our tireless volunteers, and, most importantly, the noble families of the eye donors who have chosen to gift the precious gift of sight to those in need.

Eye donation is an act of kindness that transcends the individual and creates a ripple of change throughout society. In India, there are millions of people suffering from preventable blindness, many of whom could have their sight restored through a simple corneal transplant. Sadly, the demand for corneal tissue far exceeds the supply, which is why we must all come together to raise awareness and make eye donation a part of our collective consciousness.

Each year, countless individuals lose their vision due to corneal blindness, but with just one selfless act—donating their eyes after death—we can restore sight to those in need. **One eye donor can give sight to two people.** This is why we must spread the message of eye donation far and wide, and encourage everyone to consider becoming a donor, as well as to speak to their loved ones about their wishes.

I am also delighted to share that this year, we were honoured by the gracious presence of **Hon'ble Governor of Rajasthan, Shri Haribhau Bagde,** who personally felicitated the families of eye donors. This event highlighted the immense gratitude we owe to those who make this life-changing gift possible and underscored the importance of creating greater awareness around eye donation. The Governor's participation is a vital step in propagating the message of eye donation, and I hope it inspires more families to come forward and make this generous contribution to society.

There are people who keep wondering as to how can they help in our mission to eliminate blindness? I would have following suggestions for their consideration:-

1. **Become an Eye Donor:** One of the most powerful ways to contribute to the cause of eliminating blindness is by pledging to donate your eyes after death. Signing up for eye donation is simple and ensures that your eyes will go to someone in need. **Pledge your eyes on Mob no-7375855855**
2. **Spread Awareness:** Talk to your family, friends, and colleagues about the importance of eye donation. Educating others about the simple process and life-changing impact can save thousands of lives.
3. **Support Eye Banks and Awareness Programs:** Volunteer your time or donate resources to EBSR . The more support we have, the more lives we can impact.
4. **Register as a Joyti Mitra:** By registering as a Volunteer or donor, you help build a network of people who have already made the commitment to donate, making it easier for eye banks to fulfill the need for corneal transplants. **For eye Donation call on Toll free no -18002020388**

I also extend my sense of gratitude to large number of donors who have helped us to achieve financial stability over the years .

As we look forward to the coming year, let us remain steadfast in our commitment to the cause of eye donation. With each cornea we collect and each transplant we enable to perform, we are not just restoring sight, but also giving individuals the chance to lead a life of dignity, independence, and fulfillment. Let's continue to work together to eradicate preventable blindness and provide the gift of sight to all who need it.

On behalf of the Eye Bank Society of Rajasthan, I extend my heartfelt thanks to everyone who has supported us on this journey. Together, we can make a lasting difference and give the most beautiful gift—**the gift of vision.**

Thank you for your continued support and dedication.

**B. L. Sharma**
**President**

# नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह



आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा एसएस जैन सुबोध पीजी कन्या महाविद्यालय के सभागार में रविवार, 9 मार्च, 2025 को नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अपने प्रियजन के नेत्रदान के निःस्वार्थ एवं अमूल्य योगदान के लिए 68 नेत्रदानी परिवारों को सम्मानित किया गया। इस समारोह के माध्यम से हमने नेत्रदानी परिवारों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपने प्रियजन का नेत्रदान कर अपना सामाजिक सरोकार वहन किया और अपने प्रियजन की आंखों को हमेशा के लिए अमर कर, साहस एवं धैर्य का परिचय दिया। समय-समय पर इसी प्रकार के कार्यक्रम ईबीएसआर के विभिन्न चैप्टर भी आयोजित करते रहते हैं।



समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल (राजस्थान) माननीय हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि नेत्रदान महादान है, अतः नेत्रदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 1.25 करोड़ व्यक्ति दृष्टिबाधित है, इसलिए अंधता निवारण में नेत्रदान की जागरूकता बढ़ाने में सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने नेत्रदान करने वाले परिवारों का अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि मृत्यु से पूर्व नेत्रदान का संकल्प लेकर यदि व्यक्ति अपनी आँखें दान कर दे, तो देश के सभी दृष्टिबाधित व्यक्तियों को एक ही वर्ष में नई रोशनी मिल सकती है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नेत्रदान करता है, वह साधु समान है। माननीय राज्यपाल जी ने इससे पहले आई बैंक सोसायटी के वार्षिक प्रतिवेदन का लोकार्पण भी किया।



आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष श्री बी.एल. शर्मा ने नेत्रदान करने के लिए समाज में जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों और सोसायटी की पहल से नेत्रदान क्षेत्र में की गई विशिष्ट उपलब्धियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने सरकार का ध्यान राज्य में किरेटोप्लास्टी सर्जन की कमी की ओर आकर्षित किया, एवं अपील की, कि अधिक से अधिक नेत्र चिकित्सकों को किरेटोप्लास्टी के लिए प्रशिक्षित किया जाए व राज्य सरकार की राइट टू साइट पॉलिसी को ज़मीनी स्तर पर लागू करने की अपील की। श्री बी.एल शर्मा जी ने स्वैच्छिक नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के अभियान का नेतृत्व करने के लिए महिलाओं को आगे आने के लिए अनुरोध किया।



समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ दीपक माहेश्वरी एवं सिविल लाइंस क्षेत्र के विधायक श्री गोपाल शर्मा ने भाग लिया। एसएमएस अस्पताल के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉक्टर दीपक माहेश्वरी ने नेत्रदान से जुड़ी चिकित्सकीय भ्रांतियों के बारे में जानकारी देते हुए इसका निराकरण के लिए आगे आकर पहल करने पर ज़ोर दिया एवं यह भी आश्वस्त किया कि वे राज्य में किरेटोप्लास्टी के प्रशिक्षण एवं किरेटोप्लास्टी सर्जन की उपलब्धता पर कार्य कर रहे हैं। श्री गोपाल शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए नेत्रदान को हर परिवार की परंपरा बनाने की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए नेत्रदान के साथ





देहदान एवं अंगदान करने की भी अपील की। विशिष्ट अतिथियों एवं सभागार में उपस्थित समाज के कुछ गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भी नेत्रदानी परिवार सदस्यों का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।

आई बैंक सोसायटी के सचिव श्री ललित प्रकाश कोठारी ने अपने विचार व्यक्त किए।

समारोह में लगभग 300 व्यक्ति सम्मिलित हुए, जिनमें ईबीएसआर परिवार एवं स्टाफ, समाज के गणमान्य व्यक्ति, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं आदि थे। कार्यक्रम के कुशल आयोजन में एसएस जैन सुबोध शिक्षा समिति, एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज एवं कानोड़िया कॉलेज प्रबंधन का भी हमें कुशल सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के संचालन में स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स का महत्त्वपूर्ण ण योगदान रहा।

हमें समारोह में वित्तीय दानदाताओं से 2.96 लाख रुपये का दान उदारतापूर्वक प्राप्त हुआ। ईबीएसआर एक स्वयं सेवी संस्था है, हम उन दानदाताओं के प्रति हमेशा कृतज्ञ रहते हैं, जिनकी सहायता से हम कॉर्नियल अंधेपन को दूर करने के हमारे मकसद में अग्रसर हो रहे हैं।



इस अवसर पर नेत्रदानी परिवार सदस्यों एवं कॉर्निया प्राप्तकर्ता सदस्यों ने प्रेरणादायक अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया, उनको नेत्रदान करने की प्रेरणा कैसे मिली एवं नेत्रदान करने के बाद कैसा अनुभव हुआ। यह सुनकर मन भाव विभोर हो गया। कॉर्निया प्राप्तकर्ता सदस्यों ने बताया, रोशनी मिलने पर उन्हें कैसी अनुभूति हुई और उनके जीवन में क्या परिवर्तन आया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती आभा चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती अंजु जैन ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सभी को लंच के लिए आमंत्रित किया।

**श्रीमतीअंजु जैन**
कार्यकारिणी सदस्य – ईबीएसआर



मीडिया कवरेज

नेत्रदानी परिवारों का किया सम्मान

बेधड़क | जयपुर

आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान की ओर से रविवार को एसएस जैन सुबोध पीजी कन्या महाविद्यालय के सभागार में नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, विशिष्ट अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ दीपक माहेश्वरी थे। समारोह में राज्यपाल ने नेत्रदान करने वाले परिवारों का अभिनंदन और स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि जो नेत्रदान करता है, वह साधु होता है।

एवं अंगदान करने की अपील की। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. दीपक माहेश्वरी ने नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों चिकित्सकीय ... के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सोसायटी के अध्यक्ष पूर्व आईएएस बीएल शर्मा ...

...न महादान, इसके लिए ... लोगों को प्रेरित किया जाए : बागडे

- राज्यपाल ने नेत्रदान के क्षेत्र में कार्य करने वालों को किया सम्मानित
- आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा नेत्रदानी परिवार सम्मेलन समारोह आयोजित

आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा नेत्रदानी परिवार सम्मेलन समारोह आयोजित

नेत्रदान महादान, इसके लिए लोगों को प्रेरित किया जाए : राज्य...

GUV BAGADE CALLS FOR MASS EYE DONATION TO END BLINDNESS

... emphasized that around 2.5 million people in the country are visually impaired, and everyone should contribute to developing a culture of eye donation to help eliminate blindness. Bagade was addressing the 'Eye Donor Family Conference' organized by the Eye Bank Society of Rajasthan on Sunday. He welcomed and honored the families associated with eye donation. He highlighted that if individuals pledge to donate their eyes before passing away, every visually impaired person in the country could receive vision within a single year.

# SBI Officials Inaugurated Slit Lamp Microscope for Enhancing Corneal Quality Assessment



On 07.01.2025, a distinguished team from State Bank of India (SBI) inaugurated a state-of-the-art Slit Lamp Microscope at the EBSR Head Office. This marks a significant step in advancing the assessment of corneal quality for individuals suffering from corneal blindness. The ₹33 Lakhs CSR grant from SBI facilitated the acquisition of this advanced medical equipment, which will enhance EBSR's ability to assess corneas, helping more individuals regain their sight.

**The inauguration ceremony was graced by key SBI officials, including:**

- Sh. Sandeep Bhatnagar, Chief General Manager, LHO Jaipur
- Sh. Prabuddh Kumar, General Manager
- Sh. G. Kalyan, DGM & Circle Development Officer
- Sh. Sanjeev Upadhyay, DGM - Jaipur Administrative Office



EBSR's administrative team members, comprising President Mr. B.L. Sharma, Secretary Mr. L.P. Kothari, Vice President Mr. Kapil Garg, and Mr. V.C. Sancheti, Sh A.K. Bhandari, and Sh. R.S. Bhandari, warmly welcomed the dignitaries. Their participation underscored the significance of this initiative in EBSR's mission to reduce corneal blindness and enhance transplant services.



The Slit Lamp Microscope is a vital tool for detailed corneal evaluation, enabling more accurate and efficient assessments of corneal health. This advancement will increase the availability of corneas suitable for transplantation, offering hope to countless individuals.

This initiative exemplifies the strong partnership between SBI and EBSR, highlighting their commitment to addressing critical healthcare needs and fostering social change. The addition of this cutting-edge equipment marks a significant milestone in EBSR's efforts to combat corneal blindness and improve lives in underserved communities.

**Shri Lalit Prakash Kothari**
Secretary - EBSR

### पाली चेप्टर

## जन चेतना रैली का आयोजन




पाली चेप्टर द्वारा पुनायता इंडस्ट्रियल एरिया पाली एवं पुनायता गांव में एक नेत्रदान जन जागृति अभियान का आयोजन किया गया एवं पुनीता इंडस्ट्रियल एरिया से पुनायता गांव तक एक रैली निकाली गई जिसमें 100 व्यक्तियों ने भाग लिया एवं इस अवसर पर कई व्यक्तियों ने नेत्रदान संकल्प पत्र भरे।




श्री हुकमीचन्द जी मेहता अध्यक्ष एवं श्री केवलचन्द कवाण की प्रेरणा से श्री नरपत चन्द सिंघवी जी के निधन पश्चात् परिवारजन ने उनके नेत्रदान एवं देहदान कर निस्वार्थ मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उपस्थित लोगों को भी इससे नेत्रदान करने की प्रेरणा मिली है।

### बारां, बूंदी, झालावाड़ चेप्टर

## श्रद्धांजलि सभा में नेत्रदान विषय पर कार्यशाला



बीते दिनों कापरेन के वार्ड नंबर 16, दुबे कल्याण सदन निवासी तेज नारायण दुबे (भारतीय जनता पार्टी, जिला उपाध्यक्ष, बूंदी जिला) की माताजी शकुंतला देवी का आकस्मिक निधन हुआ था। उस समय भारत विकास परिषद,के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री नेशनल प्रोजेक्ट सेवा ग्राम विकास, ललित कुमार टेलर ने तेजनारायण के परिवार को नेत्रदान के लिए प्रेरित कर नेत्रदान संपन्न करवाया था ।

तेज नारायण को माता जी के नेत्रदान के उपरांत काफी सुकून था कि,उनकी आंखों से दो दृष्टि बाधित लोग दुनिया देखेंगे। तेज नारायण चाहते थे कि, समाज और शहर के लोगों को भी नेत्रदान के प्रति जागरूक किया जाए। इस उद्देश्य से उन्होंने श्रद्धांजलि सभा में नेत्रदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन करने के लिए कहा।

इसके उपरांत,कापरेन के राठौर सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में डॉ कुलवंत गौड़ ने कोटा से आकर शहर व समाज के सभी गणमान्य नागरिकों व परिवार के सब रिश्तेदारों के बीच नेत्रदान से जुड़ी जरूरी जानकारियों के बारे में बताया व नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया ।

कार्यशाला को आयोजित करने में भारत विकास परिषद के ओमप्रकाश महावर,रमेश चंद्र गौड़, प्रदीप कुमार गुप्ता और सुनील सिंह आचार्य का भी सहयोग रहा।



श्रीगंगानगर चेप्टर

# गणतंत्र दिवस समारोह में डॉ. टांटिया का सम्मान




ईबीएसआर का श्रीगंगानगर चैप्टर डॉ. एस.एस. टांटिया मेमोरियल आई डोनेशन अवेयरनेस सोसायटी के सहयोग से संरक्षक डॉ. मोहित टांटिया के निर्देशन में कार्य कर रहा है। डॉ. मोहित टांटिया को सेंट्रल जेल ने अपने गणतंत्र दिवस समारोह में नेत्रदान जागरूकता के लिए सम्मानित किया, उनका यह सम्मान सोसायटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजकुमार जैन एवं डॉ. प्रगति सोनी ने जेल अधीक्षक डॉ. अभिषेक शर्मा से ग्रहण किया। सोसायटी की तरफ से नेत्रदानी परिवार को रस्म पगड़ी, तीये की बैठक आदि में आभार पत्र भी प्रदान किया गया है। वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही में एक विशेष बात यह भी रही कि फरवरी में सूरतगढ़ के पूर्व विधायक गंगाजल मील के स्वर्गवास होने पर उनका कॉर्निया प्राप्त किया गया।

# जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



- 1 फरवरी, 2025 को डॉ. एस.एस. टांटिया मेमोरियल आई डोनेशन अवेयरनेस सोसायटी की बैठक में शहर के प्रमुख लोगों की भागीदारी रही। इसमें ईबीएसआर के श्रीगंगानगर चैप्टर के कोर्डिनेटर डॉ. विकास सचदेवा एवं को-कोर्डिनेटर डॉ. अर्शिया सेतिया की मौजूदगी में अवेयरनेस सोसायटी के मुख्य सलाहकार, पुलिस उप अधीक्षक वेदप्रकाश लखोटिया ने वृद्धों की उपलब्धता वाले स्थान पर वृद्धाश्रमों में नेत्रदान संकल्प पत्र भरवाने का सुझाव दिया। राजकीय जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा ने नेत्रदान से जुड़ी सूचनाएं एकत्र करने पर बल दिया। उन्होंने सकारात्मक प्रयासों से परिणाम की बात कही। बैठक में वाहनों पर नेत्रदान संबंध स्टिकर लगाने सहित कई सुझाव आए। विधायक जयदीप बिहाणी के प्रतिनिधि हिमांशु बिहाणी के हाथों नेत्रदान जागरूकता के एक पोस्टर को भी जारी करवाया गया। बैठक में शीर्ष व्यापारिक संगठन, संयुक्त व्यापार मण्डल के अध्यक्ष तरसेम गुप्ता, कोषाध्यक्ष हरिओम लूथरा, समाजसेवी निर्मल जैन, आर्ट ऑफ लिविंग की अंजू अग्रवाल, श्री खाटूश्याम धाम मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला आदि की भागीदारी रही।
- सद्भावना नगर स्थित कल्याण भूमि में मरणोपरांत नेत्रदान के प्रति जागरूक करने से बड़े बैनर लगवाए गए। इसी तरह पुरानी आबादी में बड़ा बैनर लगाया गया। शहर के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों के आगे छोटे बैनर भी इस अवधि में लगवाए गए।
- नेत्रदान जागरूकता के लिए कई शिविर रखे गए। इनमें ईबीएसआर के टेक्नीशियन अनुराग सारस्वत एवं सोसायटी के निशांत गर्ग ने लोगों को मरणोपरांत नेत्रदान के लिए प्रेरित किया साथ ही संकल्प पत्र भी भरवाए।
- खाटूश्याम धाम मंदिर, सुदामा नगर में फाल्गुन मेले के दौरान हैल्प डेस्क लगाकर लोगों से नेत्रदान संकल्प पत्र भरवाए गए और पम्पलेट बांटकर नेत्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया।
- पुरानी आबादी के सिद्धपीठ श्री झांकी वाले बालाजी मंदिर के वार्षिकोत्सव पर लगाए गए मेले में सोसायटी सदस्यों ने नेत्रदान जागरूकता के पम्पलेट बांटे और लोगों को नेत्रदान कर दूसरों के जीवन में रोशनी फैलाने का आह्वान किया।
- गांव पंडितांवाली में लगे रक्तदान शिविर में सोसायटी की ओर से लोगों से नेत्रदान संकल्प पत्र भरवाए गए तथा लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया गया।

## अजमेर चेप्टर

# आई चेक-अप कैम्प का आयोजन



- गत 28 फरवरी, 2025 को सरवाड़ ब्लॉक में आई चेकअप कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प में चेक–अप के साथ ही आई डोनेशन के बारे में श्री भरत शर्मा, टेक्नीशियन द्वारा सम्पूर्ण जानकारी दी गई। नेत्रदान के लिये संकल्प पत्र भी भरवाये गये। कार्यक्रम में लगभग 600 ग्रामवासियों ने भाग लिया।

- 1 मार्च, 2025 को विजयनगर में श्री ढाबरिया जी के देहावसान पश्चात् तीसरे दिन की आयोजित बैठक में नेत्रदान के बारे में समस्त उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। बैठक में वहाँ उपस्थित जैन साध्वी जी द्वारा भी नेत्रदान करने के लिए अपने प्रवचन के माध्यम से प्रेरित किया।

- दिनांक 1 एवं 22 मार्च, 2025 को राजकीय महिला इंजीनियरिंग कॉलेज, परबतपुरा एवं इंजीनियरिंग कॉलेज बड़लिया अजमेर में छडड के बैनर पर आई चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। 'नया सवेरा' फिल्म दिखाकर उन्हें नेत्रदान के महत्त्व एवं उनकी भागीदारी कैसे हो सकती है समझाया गया। श्री भरत शर्मा एवं श्री कुलदीप ने महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

- अजमेर चैप्टर ने जनवरी से मार्च, 2025 की तिमाही में 114 कॉनिया एकत्रित किये। उपयोगिता प्रतिशत 69 रहा।








## उदयपुर चेप्टर

- एसबीआई पेन्शनर्स की विज्ञान समिती, अशोक नगर में नेत्रदान के बारे में श्री सूरजमल पोरवाल द्वारा एक वार्ता 17 मार्च, 2025 को विज्ञान समिती, अशोक नगर में रखी गई।

- 3 फरवरी को विद्या निकेतन हॉयर सैकेण्डरी स्कूल, उदयपुर में अंगदान एवं नेत्रदान की जानकारी देने हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री एस. एम. पोरवाल मुख्य वक्ता के रूप में सभी विस्तृत जानकारी दी गई।

## चूरू चेप्टर

# ईबीएसआर जीवीएम आई कलेक्शन सेंटर की शुरूआत




आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान जयपुर, राज्य के लिए कॉर्निया की उपलब्धता बढ़ाने के लिये प्रयासरत हैं। इसके लिए हम लगातार स्थानीय स्वैच्छिक संगठनों या ऐसे व्यक्तियों के संपर्क करते हैं, जो नेत्रदान को बढ़ावा देने के इच्छुक हों।

इसी क्रम में चूरू में गांधी विद्या मंदिर, एक प्रतिष्ठित संस्था से संपर्क किया गया। यह संस्था स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और सामाजिक अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में कार्यरत है। इस संबधं में हमारी कई महत्वपूर्ण चर्चाएँ ब्रिगेडियर अजयपति त्रिपाठी (से.नि.), सचिव, गांधी विद्या मंदिर, सरदारशहर, जिला चूरू; डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा, प्राचार्य, आयुर्वेद महाविद्यालय; और श्री गणेश दास स्वामी, सक्रिय समाजसेवी के साथ हुईं। विचार–विमर्श के पश्चात यह निर्णय लिया गया कि चूरू जिले में नेत्रदान कार्य को बढ़ावा देने के लिए ईबीएसआर जीवीएम आई कलेक्शन सेंटर, चूरू की स्थापना की जाएगी, जिसका मुख्यालय सरदारशहर में होगा। इस केंद्र का कार्यक्षेत्र संपूर्ण चूरू जिला रहेगा।

इस ईबीएसआर जीवीएम आई कलेक्शन सेंटर, चूरू के लिये डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा को प्रमुख और श्री गणेश दास स्वामी को समन्वयक 25 दिसंबर 2024 को नामित किया गया, श्री भंवरलाल प्रजापत को सरदारशहर, जिला चूरू में नेत्रदान काउंसलर सह तकनीशियन के पद पर नियुक्त किया गया।

केंद्र का औपचारिक शुभारंभ 30 जनवरी, 2025 को हुआ, जिसमें पूज्य संतो और जैन साध्वियों की साक्षी रही। इस केंद्र को स्थानीय तेरापंथ जैन युवा परिषद और अन्य स्थानीय स्वयंसेवकों का अच्छा सहयोग प्राप्त है। केंद्र ने कॉर्निया संग्रहण का कार्य प्रारंभ किया और नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए। अब तक केंद्र ने 8 कॉर्निया एकत्र किए, जिनमें से 3 कॉर्निया का सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया गया। आशा है कि यह केंद्र अधिक तेज गति से कार्य करेगा और कॉर्नियल अंधता से पीड़ित लोगों को दृष्टि प्रदान करने के इस महान कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## जयपुर चेप्टर





**सिन्धी कॉलोनी, बनीपार्क, जयपुर में नेत्रदानी परिवार को तीसरे दिन की बैठक में गीता एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए।**

# नेत्रदान के लिए जन सहभागिता एवं जन चेतना का महत्व

नेत्रदान एक ऐसा महान कार्य है जो किसी की अंधेरी दुनिया को रोशनी से भर सकता है । जब कोई व्यक्ति मृत्यु के बाद अपनी आंखें दान करता है तो वह किसी नेत्रहीन व्यक्ति को दृष्टि का अनमोल उपहार दे सकता है। लेकिन नेत्रदान को सफल जन आंदोलन बनाने के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी और जन चेतना आवश्यक है ।

दुनिया के कई देशों में नेत्रदान को लेकर जागरूकता एवं व्यवस्थाएं अलग–अलग हैं। अमेरिका, स्पेन और श्रीलंका जैसे देश नेत्रदान में



अग्रणी है। जबकि कुछ देश उनके यहां नेत्रदान के लिए जागरूकता और कानूनी बदलाव की जरूरत महसूस करते हैं। जापान जैसे विकसित राष्ट्र में भी भारत की तरह ही पारंपरिक एवं धार्मिक मान्यताओं के कारण अंगदान एवं नेत्रदान की स्वीकृति मुश्किल से मिलती है, लेकिन धीरे–धीरे जन चेतना एवं सरकारी प्रयासों से इसकी स्थिति में परिवर्तन आ रहा है।

भारत जैसे देश में जहां लाखों लोग दृष्टिहीनता से पीड़ित है उनके जीवन में रोशनी देने के लिए सामाजिक सहभागिता एवं जन आन्दोलन की बहुत आवश्यकता है। समाज में अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ेंगे तभी नेत्रदान की संख्या बढ़ेगी और अधिकाधिक लोगों को दृष्टि मिल सकेगी। अंधेरे से उजाले तक का सफर मृत्यु पश्चात् नेत्रदान से ही संभव है, जिसका निर्णय प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन काल में ही संकल्प लेकर पूरा कर सकता है। जब समाज के हर वर्ग के लोग नेत्रदान के महत्व को समझेंगे और इसमें अपनी भागीदारी निभाएंगे, तब



ही यह जन आंदोलन बन सकेगा । वर्तमान में मृत्यु दर के मुकाबले नेत्रदान करने वालों की संख्या बहुत ही कम है। इसके लिए भी इस क्षेत्र में कार्य कर रही सामाजिक संस्थाओं को निरंतर प्रयास करने होते हैं । आई बैंक सोसाइटी आफ राजस्थान ने 24 वर्ष पूर्व सामाजिक सहभागिता एवं जन चेतना का कार्य प्रारंभ कर नेत्रदान की शुरूआत की थी। इस लंबी कार्यावधि के अनुभव के आधार पर जन चेतना एवं सामाजिक भागीदारी के लिए विभिन्न माध्यमों का प्रयोग कर नेत्रदान को समाज एवं परिवार की परंपरा बन सके इस हेतु निम्न प्रयास किए जा रहे हैं ।

1. **हर क्षेत्र के लोगों के बीच जाकर नेत्रदान के महत्व को समझाना।**
2. **युवाओं की भागीदारी–** स्कूल ,कॉलेज और सामाजिक संगठनों के माध्यम से युवाओं को जागरुक कर नेत्रदान की परंपरा को आगे बढ़ाया जा सकता है ।इस कार्य के लिए वह ज्योति मित्र बनकर परिवार व समाज के लोगों के बीच नेत्रदान का संदेश पहुंचा सकते हैं
3. **भ्रम एवं गलत मान्यताओं को दूर करना–** कई लोग नेत्रदान को लेकर अंधविश्वास एवं गलतफहमियों से ग्रसित रहते हैं । उनके बीच जाकर




उन्हें सही जानकारी देने का कार्य करने पर सामाजिक सहभागिता बढ़ने लगी है। वास्तव में सामाजिक बदलाव बहुत धीमी गति से होता है, जिसका प्रभाव लंबी समयावधि के बाद ही दृष्टिगोचर होता है।

4. **प्रेरणा और उदाहरण–** जब समाज में सम्मानित लोग, नेता, अभिनेता, खिलाड़ी या किसी भी क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित व्यक्ति द्वारा नेत्रदान का संकल्प लिया जाता है या उनके परिवारजन द्वारा नेत्रदान किया जाता है, तो आम लोग भी इससे प्रेरित होते हैं। नेत्रदानी परिवार का सम्मान समारोह का प्रतिवर्ष आयोजन सामाजिक रूप से अन्य लोगों को भी नेत्रदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ही किया जाता है ।
5. **सरल और सुरक्षित नेत्रदान प्रक्रिया का प्रचार–** लोगों को यह बताने की आवश्यकता महसूस की गई कि नेत्रदान के लिए शरीर से पूरी आंख नहीं निकाली जाती है अपितु एक झिल्ली मात्र ही ली जाती है जिससे चेहरे के

स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं होता। यह प्रक्रिया आसान, सुरक्षित और दर्दरहित 20 से 25 मिनट में संपादित हो जाती है।

6. **मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग–** नेत्रदान का संदेश जन–जन तक पहुंचाने के लिए अनेक माध्यमों का सहयोग लिया जाता है। वन –टू– वन मीटिंग, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, युवाओं तक शैक्षिक संस्थानों के माध्यम से पहुंच, आई चेक अप मेडिकल कैंप्स, विभिन्न बैठकों का आयोजन, मीटिंग्स एवं ट्रेनिंग कार्यक्रमों में भी नेत्रदान की बात की जाती है। अब आईटी के विकास के साथ टेलीविजन पर वार्ताओं का आयोजन, समाचार पत्र, सोशल मीडिया एवं फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, वेबसाइट एवं डिजीटल अभियानों के माध्यम से भी नेत्रदान का व्यापक प्रचार प्रसारकिया जा रहा है। इसमें ए–आई के आने से और नवीन संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त हो रहा ।

7. **धार्मिक एवं नैतिक पहलू–** विभिन्न धार्मिकऔर सांस्कृतिक संगठनों के माध्यम से यह संदेश जन–जन तक पहुंचाया जा सकता है ।भारत धार्मिक आस्थाओं का देश है। धर्म गुरुओं के द्वारा कही गई बात सभी के मन को जल्दी प्रभावित करती है।जैन मुनियों ,हिंदू साधु संतो ,सिख गुरुओं द्वारा अपने प्रवचन में नेत्रदान की आवश्यकता एवं मृत्यु पश्चात् नष्ट होने वाले शरीर से नेत्रदान कर किसी के जीवन के अंधकार को दूर करना ही सबसे बड़ा मानव धर्म है। यह संदेश नेत्रदान को जन आंदोलन बनाने में बहुत सहायक हो सकता है। श्रीलंका जैसे छोटे से राष्ट्र में बौद्ध धर्म के प्रभाव से लोग नेत्रदान को पुण्य कार्य मानते हैं और स्वेच्छा से नेत्रदान करते हैं। वहांसे कॉर्निया 50 से अधिक देशों में भेजा जाता है। अतः भारत जैसे विशाल राष्ट्र में सभी धर्म गुरुओं द्वारा नेत्रदान या अंगदान का संदेश प्रसारित हो जाए तो निश्चय ही नेत्रदान परिवार एवं समाज की परंपरा बन जाएगी। कुछ संत महात्माओं ने इस की पहल की एवं अपने प्रवचनो में नेत्रदान का संदेश अपने भक्तों को दिया है।

निष्कर्ष रूप में हम यह कह सकते हैं कि नेत्रदान को लेकर सामाजिक सहभागिता और जन चेतना बहुत जरूरी है। जब समाज के सभी लोग इस नेक कार्य में भाग लेंगे तो अंधकार में जी रहे लाखों लोगों के जीवन में रोशनी आ सकेगी ।अंधेरे से उजाले तक का सफर आपके नेत्रदान से ही संभव है।

**उषा बापना**
संयुक्त सचिव – ईबीएसआर

नेत्रदान – महादान

## पुत्र के नेत्रदान करने वाले पिता के मनोभाव - एक अभिनव सामाजिक पहल



